प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- राज्य चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को अपने अधिकार क्षेत्र छोड़ने पर लगाई रोक।

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज शिमला में होगी महिलाओं की जन आक्रोश पद यात्रा।

- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पात्रता मापदंडों का विस्तार करते हुए इसमें स्नातक व स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्रों को भी किया शामिल।

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने आगामी शहरी निकायों व पंचायत चुनावों में पार्टी की जीत का किया दावा।

चुनाव आयोग

प्रदेश में 51 शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग ने प्रशासनिक मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है। आयोग ने चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के जिला या अधिकार क्षेत्र छोड़ने पर रोक लगा दी है। आयोग ने ये कदम चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के उद्देश्य से उठाया है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, व एसडीएम और पुलिस अधीक्षक अपने–अपने जिलों और कार्य क्षेत्र में ही तैनात रहेंगे।

इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश में 51 शहरी निकायों के कुल 4 सौ 49 पदों पर 17 मई को मतदान होगा जिनमें से महिलाओं के लिए 195 पद आरक्षित हैं।

जन आक्रोश रैली

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज शिमला के चौड़ा मैदान में महिलाओं द्वारा जन आक्रोश पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन न देने पर महिलाएं कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर संसद में हुए घटनाक्रम ने कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बिंदल ने कहा कि भाजपा आगामी पंचायती राज चुनावों के लिए तैयार है और पार्टी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के सहयोगी की भूमिका निभाएगी।

कांग्रेस

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रदेश मामलों की प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य में 4 नगर निगमों के चुनावों के लिए तुरंत प्रभाव से प्रभारियों की नियुक्ति का अनुमोदन कर दिया है। पार्टी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को सोलन, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मंडी का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को पालमपुर व पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर एस बाली को धर्मशाला का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

रिज़र्व बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितताओं और मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों का हवाला देते हुए नीतिगत रेपो दर को पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हाल ही में हुई छह सदस्यीय समिति की बैठक में बदलते आर्थिक हालातों के अनुरूप लचीलापन बनाए रखने के लिए समिति ने अपनी तटस्थ नीतिगत स्थिति को बरकरार रखा। देश की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर वर्ष 2026–27 के लिए छह दशमलव नौ प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है जबकि मुद्रास्फीति 4 दशमल 6 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

बद्रीनाथ धाम

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट आज सुबह से श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किये है। केदारनाथ धाम के कपाट कल श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे जबकि गंगोत्री और यमुनोत्री धामों की तीर्थयात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

पीएम –इंटर्नशिप योजना

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पात्रता मानदंडों का विस्तार करते हुए इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्रों को भी शामिल किया है। इसके अंतर्गत 18 से 25 वर्ष की आयु के अंतिम वर्ष के छात्र भी अब पी.एम.आई.एस पोर्टल के माध्यम से शीर्ष कंपनियों में सशुल्क इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

केन्द्रीय कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय ने कहा कि छात्रों को आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपने शिक्षण संस्थानों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह बताया गया हो कि इंटर्नशिप में भाग लेने से उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं में कोई बाधा नहीं आएगी।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भाजपा पर महिला आरक्षण बिल को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाय है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुददे पर सिर्फ राजनीति कर रही है। विनय कुमार ने कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में सभी दलों के सहयोग से संसद में पारित हो चुका है लेकिन केंद्र सरकार ने इसे अब तक लागू नहीं किया है। उन्होंने आगामी शहरी निकायों व पंचायत चुनावों में पार्टी की जीत का दावा किया। विनय कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से ग्रामीण क्षेत्र के लोग खुश हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा की जा रही आलोचनाओं को निराधार बताया।

केएनएच

शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से महिला रोग विभाग की ओपीडी को आईजीएमसी में शिफ्ट करने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ अनेक संगठन लामबंद हो गए हैं। जनवादी महिला समिति ने अस्पताल के बाहर कल धरना प्रदर्शन किया। समिति की राज्य सचिव फालमा चौहान ने कहा कि अस्पताल से ओपीडी को स्थानांतरित करना महिलाओं के हित में नहीं है और इस फैसले को तुरंत वापिस लिया जाना चाहिए।

कुपोषण

कांगड़ा जिला को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए आठवें पोषण पखवाड़े की शुरूआत की गई है। इसके तहत जिला के पालमपुर में मिशन भरपूर के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया है।

गेंहू खरीद

सिरमौर जिले के मैदानी इलाकों में इन दिनों गेंहू खरीद का कार्य जोरों पर है और लक्ष्य के मुताबिक अभी तक 50 फीसदी गेंहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शमशेर सिंह ने बताया कि जिले में 10 हजार क्विंटल गेंहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए पांवटा साहिब व धौलाकुंआं में खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है किन्नौर से कैलाश मान सरोवर यात्रा का मामला फिर केंद्र से उठाएगा हिमाचल।

दिव्य हिमाचल की खबर है 6 दिन के लिए दिल्ली से शिमला शिफट होगा राष्ट्रपति कार्यालय–शिमला में 175 साल पुरानी इमारत में रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, सेब के पौधों और टयूलिप से सजा रिट्रीट।

हिमाचल प्रदेश समेत पहाड़ी राज्यों में बनेंगे 200 हैलीपोर्ट शीर्षक से दैनिक भास्कर ने लिखा है केंद्र ने क्षेत्रीय संपर्क योजना की संशोधित उड़ान योजना को दी मंजूरी।

हिमाचल दस्तक की खबर है हिमाचल में वोटर लिस्ट के फेर में लटकी पंचायत चुनावों की घोषणा।

मौसम पर पंजाब केसरी ने लिखा है ऊना 38 डिग्री के साथ सबसे गर्म, 25 से वर्षा–तूफान का अलर्ट।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्य चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को अपने अधिकार क्षेत्र छोड़ने पर लगाई रोक।

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज शिमला में होगी महिलाओं की जन आक्रोश पद यात्रा।

- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पात्रता मापदंडों का विस्तार करते हुए इसमें स्नातक व स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्रों को भी किया शामिल।

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने आगामी शहरी निकायों व पंचायत चुनावों में पार्टी की जीत का किया दावा।